Baba’s Praise

8/5/2014

- दुनिया यह नहीं जानती कि हम कोई आधाकल्प भक्ति करते हैं, माशूक बाप को पुकारते हैं।
- बरोबर बाप ने हमको स्वर्ग की राजाई दी थी फिर हमने गँवा दी।
- ऊंच ते ऊंच बाप के बच्चे बने तो ऊंच भी बनें।
- बाबा हमारा बाप भी है, टीचर भी है। ओ गॉडफादर, हे परमपिता परमात्मा तो कहते ही हैं। अभी तुम बच्चे जानते हो जिसको याद करते हैं - हे भगवान, अभी वह हमको मिला है।

- वह है लौकिक बाप, यह है बेहद का बाप। तुम्हारा लौकिक बाप भी उस बेहद के बाप को याद करते हैं। तो बापों का बाप, पतियों का पति, वह हो गया।

- ज्ञान दाता एक ही बाप है। बाप के सिवाए किसी भी मनुष्य को ज्ञान दाता नहीं कहेंगे क्योंकि बाप के पास ऐसा ज्ञान है जिससे सारे विश्व की सद्गति होती है।

- बाप हमको दादा द्वारा स्वर्ग की बादशाही का वर्सा देते हैं। बाप तो स्वर्ग की बादशाही देंगे और क्या देंगे।

- पहचानना एक ही बार चाहिए ना। सभी आत्माओं का बाप एक है, वह सभी आत्माओं का बाप आया हुआ है।
- अब बाप को रचता कहा जाता है। ऐसे नहीं कि ड्रामा का कोई रचता है। रचता अर्थात् इस समय सतयुग को आकर रचते हैं।
- याद जिसको करते हैं जरूर कभी आयेंगे भी ना। यह भी किसको समझ नहीं है कि याद क्यों करते हैं! तो जरूर पतित-पावन बाप आते हैं।